अल्लाह के रसूल- सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- से पूछा गया कि कौन-सी नमाज़ सबसे उत्तम है? तो फ़रमायाः- देर तक खड़ा रहना।

जाबिर- रज़यल्लाहु अन्हु- कहते हैं कि अल्लाह के रसूल- सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- से पूछा गया कि कौन सी नमाज़ सबसे उत्तम है? तो फ़रमायाः "देर तक खड़ा रहना"।
[सह़ीह़] [इसे मुस्लिम ने रिवायत किया है।]

अल्लाह के नबी -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- के साथियों ने आपसे पूछा कि कौन-सी नमाज़ सबसे उत्तम है? उनकी ओर से अक्सर इस प्रकार के प्रश्न इसलिए हुआ करते थे, क्योंकि वे अधिक से अधिक मात्रा में नेकी प्राप्त करना चाहते थे। फिर, उनके इस प्रश्न का मतलब है, किस प्रकार की नमाज़ सबसे उत्तम है? या फिर यह कि नमाज़ का कौन-सा कार्य सबसे उत्तम है? क़याम, रुकू या सजदा? आपने उत्तर दिया कि उसमें लंबे समय तक खड़ा रहना।

http://www.sunnah.global/hadeeth/hi/show/3569